आकाशवाणी शिमला
21.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

हड़ताल समाप्त

शिमला शहर में पिछले सात दिनों से जारी सफाई कर्मचारियों की हड़ताल आज समाप्त हो गई है। नगर निगम महापौर और सेहब कर्मियों के बीच हुई बातचीत में कई महत्वपूर्ण मांगों पर सहमति बनने के बाद कर्मचारियों ने अपनी हड़ताल वापिस लेने का ऐलान किया। नगर निगम के महापौर सुरेन्द्र चौहान कर्मचारियों को लिखित आश्वासन देते हुए कहा कि सभी सहमत मांगों को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा।

दूसरी ओर सेहब सोसायटी के अध्यक्ष जसवंत ने कहा कि उनकी मांगों पर सहमति बनने के बाद अब कल से सभी सफाई कर्मचारी अपने काम पर लौटेंगे।

गौरतलब है कि पिछले एक सप्ताह से सफाई कर्मियों की हड़ताल के चलते शिमला शहर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित रही और लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

मुख्यमंत्री

राज्य सरकार ने प्रदेश में हरित आवरण को बढ़ावा देने के लिए महत्वकांक्षी मिशन–32 प्रतिशत शुरू किया है। इस मिशन का उद्देश्य वर्ष 2030 तक प्रदेश के हरित आवरण में 32 प्रतिशत तक विस्तार करना है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश की जैव विविधता और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने की दिशा में सरकार प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

पुण्यतिथि

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की आज 35वीं पुण्यतिथि' है। 21 मई 1991 को तमिलनाडु के श्रीपेरंबुदूर में आत्मघाती हमले में उनकी हत्या कर दी गई थी। हर साल ये दिन 'सद्भावना दिवस' के रूप में मनाया जाता है। नगर निगम शिमला द्वारा छोटा शिमला स्थित सद्भावना चौक में राजीव गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री 'कर्नल धनीराम शांडिल, जगत सिंह नेगी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार, विधायक हरीश जनारथा और महापौर सुरेंद्र चौहान सहित अन्य गणमान्य लोगों ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए और देश की एकता व अखंडता की शपथ ली। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा कि राजीव गांधी के सद्भावना और विकास के दृष्टिकोण को देश हमेशा याद रखेगा। उन्होंने कहा कि उनके दूरदर्शी विचार आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत रहेंगे। वहीं शिमल स्थित कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में भी पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रंद्धाजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधायक हरीश जनारथा ने कहा कि राजीव गांधी के सूचना प्रौद्योगिकी और पंचायतीराज व्यवस्था के लिए दिए गए योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।

विस्थापित

रेणुका बांध विस्थापित संघर्ष समिति ने रेणुका जी बांध प्रबंधन पर विस्थापितों की मांगों को लगातार अनदेखा करने का आरोप लगाया है। समिति के प्रैस सचिव योगेश ठाकुर ने नाहन में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वे पिछले 17 वर्षों से अपनी मांगों को प्रबंधन के सामने उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बांध प्रबंधन ने एन.जी.टी. के आदेशों को दरकिनार करते हुए सुरंगों का निर्माण कार्य शुरू किया और एन. जी.टी. की शर्तों को भी पूरा नहीं किया। योगेश ठाकुर ने कहा कि रेणुका जी बांध प्रबंधन विस्थापितों पर जबरन कई शर्तों को थोप रहा है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

———————————